आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




## मुंबई में पुस्तक लोकार्पण और दीक्षांत समारोह में शामिल हुए डॉ राजाराम महतो




रांची (आजाद सिपाही)। मुंबई रीगल इंटरनेशनल फब होटल ऑफ साकिनका साकी नाका में आयोजित झारखंड से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार सलाहकार समिति राष्ट्रीय पुस्तकालय सदस्य डॉ राजाराम महतो, पत्रकार और समाज सेवी डॉ तारकेश्वर महतो और अन्य विशिष्ठ अतिथि शामिल हुए। समारोह में प्रो अनिल कुमार के द्वारा लिखी गयी नियोक्ता कर्मचारी संतुलन अपेक्षाओं की जांच संबंधित पुस्तक का लोकार्पणका किया गया। इस अवसर पर डॉ राजाराम महतो ने कहा कि साहित्यकारों ने हमेशा अपनी लेखनी के द्वारा हमारे देश को नयी दिशा दी है। हम सभी प्रो अनिल कुमार के लिए प्रेरणादायक हैं। साहित्य ने हमेशा हमारे चिंतन को संवारा है। इसके अलावा एरिजोना ग्लोबल यूनिवर्सिटी के द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में मुंबई, दिल्ली, जम्मू, हरियाणा, कोलकाता, मद्रास, रांची, पटना, महाराष्ट्र समेत कई शहरों के विद्यार्थी शामिल हुए। दीक्षांत समारोह के दौरान विज्ञान और मानविकी, प्रबंधन, कानून, कृषि, चिकित्सा और स्वास्थ्य विज्ञान सहित विभिन्न विषयों के लिए सैकड़ों छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी। इस मौके पर कुलपति डॉ केशरी लाल वर्मा ने कहा कि छात्रों के लिए अग्रणी एरिजोना ग्लोबल यूनिवर्सिटी संस्थानों में से एक रूप में खुद को सफलतापूर्वक स्थापित किया है। समारोह का संचालन स्वेता तथा आइना ने की। इस मौके पर रांची भोला स्टेशनल ट्रस्ट के निर्देशक व वर्तमान में कई यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं प्रो अनिल कुमार, डा अशोक कुमार, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रिजल्ट की मांग को लेकर जेएसएससी का घेराव-प्रदर्शन आज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का रिजल्ट अब तक प्रकाशित नहीं किया गया है। लगभग 921 पदों के लिए 10 माह पहले झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से परीक्षा ली गयी थी, लेकिन उसका रिजल्ट अब तक जारी नहीं किये जाने से अभ्यर्थियों में आक्रोश व्याप्त है। अभ्यर्थी उमेश कुमार, राजकुमार और रवि कुमार सहित अन्य ने कहा कि उन्होंने जेएसएससी अध्यक्ष व सचिव से कई बार मिल कर रिजल्ट जारी करने का आग्रह किया, लेकिन आश्वासन ही दिया गया। राज्य सरकार के सभी मंत्रियों से मिल कर अभ्यर्थियों ने गुहार लगायी, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। ऐसे में अभ्यर्थियों ने बाध्य होकर रिजल्ट की मांग को लेकर दो सितंबर को जेएसएससी के समक्ष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। अभ्यर्थियों द्वारा उक्त प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया जायेगा।

## सुधा अरमान मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रियंका बनीं चैंपियन



रांची (आजाद सिपाही)। सुधा और अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से महिला पत्रकार बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को आयोजित किया गया। गांधीनगर रीक्रिएशन हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में 16 महिला पत्रकारों ने भाग लिया। डबल्स कैटेगरी में प्रियंका सिसोदिया और वैशाली ने प्रियंका मिश्रा और प्रतिमा की जोड़ी को पराजित कर विजेता खिताब हासिल किया। सिंगल्स कैटेगरी में प्रियंका सिसोदिया ने विजेता और श्रुति सिंह ने उपविजेता ट्रॉफी प्राप्त की। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सीसीएल के कार्मिक निदेशक हर्षनाथ मिश्रा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का कर्तव्य निभाते हुए इस तरह के आयोजन में हिस्सा लेना सुखद है। यह खुद को मोटिवेट करने के लिए फायदेमंद साबित होगा। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शुभ नारायण दत्त, बैडमिंटन कोच गोविंद झा, शीतल कुमारी, रेखा पाठक आदि मौजूद थे।

## रांची देवी मंडप सरोवरनगर सूर्यमंदिर में भगवान श्री कृष्ण की छठी मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को देवी मंडप रोड हेसल स्थित सरोवर नगर सूर्य मंदिर में भगवान श्री कृष्ण जी की छठी धूम धाम से मनायी गयी।भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर उपस्थित समस्त भक्तों ने सामूहिक रूप से भजन कीर्तन किया उसके उपरांत आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार पुटू, पुजारी शिव शंकर पाठक, अमित पाठक, रीता देवी, चंचला देवी, मानसी कुमारी, प्रतिमा देवी, कुसुम सिंह, तारा कुमारी, सलोनी कुमारी, शिवानी कुमारी, कंचन कुमारी, सुनीता देवी, फूल देवी, मनीषा कुमारी, रितु कुमारी एवं अन्य भक्तगण उपस्थित थे।

### रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का चुनाव बिहार क्लब के सभागार में संपन्न

# चंचल चटर्जी अध्यक्ष, महामंत्री रवींद्र वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बने

**डॉ. अजीत कुमार सहाय आजीवन मुख्य संयोजक चुने गये**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रविवार को रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का चुनाव बिहार क्लब के सभागार में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता महानगर समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अजीत कुमार सहाय ने की।

उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू एवं महामंत्री रविंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि वार्षिक बैठक सह आम सभा की अध्यक्षता महानगर समिति के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सहाय ने किया संचालन महामंत्री रविंद्र वर्मा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू ने किया।

सर्वप्रथम अध्यक्ष डॉ अजीत कुमार सहाय ने

आगत अतिथियों के रूप में विशेष आमंत्रित सदस्य श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव, उपाध्यक्ष राजा सेन गुप्ता, समाज सेवी सागर कुमार, महानगर समिति के संस्थापक सदस्य एवं विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों क्रमश : जैनेंद्र प्रसाद, रामा ठाकुर, राजू वर्मा (चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति), राजेश कुमार लाल (संग्राम क्लब), सेतांक सेन बबलू (श्री दुर्गा बाड़ी), संजय सहाय, (आदर्श दुर्गा पूजा),पवन सिंह धुर्वा, रमेश सिंह (स्टाफ क्वार्टर दुर्गा पूजा समिति), प्रो. अरुण सिंह (बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति), उपेंद्र नारायण सिंह (कुसई कॉलोनी), विनोद सिंह (नामकुम दुर्गा पूजा समिति), संजय मिनोचा (विनेक्स क्लब बरियातू), एवं अन्य सम्मानित सदस्यों को चुनरी एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इसके उपरांत विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों ने अपने विचार रखे। इसके बाद महानगर समिति के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सहाय के द्वारा कमेटी को भंग किया गया। तत्पश्चात वर्ष 2024-25 हेतु नयी कमिटी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया। जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया।

**आजीवन मुख्य संयोजक :** डॉ. अजीत कुमार सहाय

**सह संयोजक :** कामाख्या सिंह, हेमेंद्र सिंह, जैनेंद्र प्रसाद, रामा ठाकुर, रवि रस्तोगी, राजेश कुमार लाल, राजीव रंजन प्रसाद, संजय मिनोचा, संजय सहाय, प्रो. अरूण सिंह।

**कार्यकारी अध्यक्ष :** प्रदीप रॉय बाबू ,

**वरीय उपाध्यक्ष :** राजन वर्मा

उपाध्यक्षः राणा रणधीर, अमर नाथ साहू, राणा रणधीर, जितेंद्र वर्मा, अशोक यादव, कमलेश यादव, प्रो.उमेश सिंह, बच्चू चौधरी, राजू राम, संतोष अग्रवाल, गौतम घोष, पार्थो घोष।

**महामंत्री :** रविंद्र वर्मा

**सह मंत्री :** कुलदीप राज महेंद्रु

**कोषाध्यक्ष :** संजय सिन्हा गोपू

**कार्यालय सचिव :** समीर सिंह।

इस बैठक में शैलेश्वर दयाल सिंह, रमेश सिंह, सेतांक सेन, सूरज देव शर्मा, सुनील शर्मा, त्रिलोकी सिंह, अमित वर्मा, नवेंदु उपाध्याय, गांगुली, विश्वनाथ गांगुली, बिंदु सिंह, अमित घोष, चिन्मय दत्ता, कमलेश यादव, विनोद सिंह, उज्जवल तिवारी, राकेश सिंह बादल, अमित सोनी, अशोक यादव, लखपति साहू, जितेंद्र वर्मा, अमित कुमार, अजय गुप्ता, सनी लाल, जयप्रकाश यादव, मंतोष मुखर्जी सहित लगभग 90 पूजा समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिताओं का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित क्रिएटिविटि कॉनक्लेव के समापन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, रांची ने पिछले एक महीने में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की, जिसमें टॉर्क, शब्दनामा, हेस्टी टेस्टी-फायरलेस कुकिंग, इंटर स्कूल पैट्रिऑटिक सांग जैसी कई रोचक इवेंट शामिल थे। महीने भर की इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूलों के 2000 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत एक सुंदर ओडिसी नृत्य तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस आयोजन में दो प्रतियोगिताएं शामिल थीं-टॉर्क-इंटिग्रेटेड डांस डायलॉग और खेलें खिलखिलाएं-टॉय मेकिंग प्रतियोगिता। इसमें सीखने और करने और आनंददायक शिक्षा के सिद्धांत को अनुभव करने के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। प्रतियोगिता में कई स्कूलों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें कला और शिक्षा के क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकित किया गया। निर्णायक मंडली में विपुल नायक, गेस्ट फैकल्टी, रांची विश्वविद्यालय, दीपक कुमार, पाजेब, रांची, डॉ. मुकेश कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, कॉमर्स एडं बिजनेस मैनेजमेंट, सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची तथा डॉ. अतुल कुमार कर्ण, असिस्टेंट प्रोफेसर, कॉमर्स एडं बिजनेस मैनेजमेंट, सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची शामिल थे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। टॉर्क इवेंट में डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल ने पहला स्थान हासिल किया। सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल ने द्वितीय स्थान और फिरायालाल पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेलें खिलखिलाएं इवेंट में विवेकानंद विद्यामंदिर को इवेंट का विजेता घोषित किया गया। फिरायालाल पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान और डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू ने तृतीय स्थान हासिल किया।

प्राचार्या परमजीत कौर, जो कि आरएसएससी की अध्यक्षा भी हैं, ने सभी स्कूलों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी सक्रिय सहभागिता के बिना इस कार्यक्रम को सफल बनाना संभव नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि अगस्त के इस महीने में हम जन्माष्टमी, रक्षा बंधन, स्वतंत्रता दिवस जैसे कई त्यौहार मनाते हैं। यह गांधीजी की नयी तालीम पर भी आधारित है, जो कौशल शिक्षा और करके सीखने पर जोर देती है, जो आज के समय की जरूरत है।

## लोअपा का जन संपर्क जागरूकता अभियान शुरू

रांची (आजाद सिपाही)। रांची देशव्यापी सामान व निःशुल्क चिकित्सा एवं चिकित्सा व्यवस्था के साथ वोटर पेंशन लागू कराने सहित राज्य में गिरती कानून व्यवस्था, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकहित अधिकार पार्टी रांची जिला के नेतृत्व में सामाजिक न्याय का संकल्प के साथ एकदिवसीय सांकेतिक मोटरसाइकिल रैली का शुभारंभ जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता एवं कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक के नेतृत्व में गांव-गांव जनसंपर्क जागरूकता अभियान सुकुरहुटू पंचायत बाजार टांड से कांके चौक शहीद लक्ष्मण महतो के आदमकद चित्र पर पुष्पांजलि के साथ किया गया। इस मौके पर हरिनाथ साहू, विजय रोय, कपिल साहू, रीना सिंह, सुमन देवी महतो, बिंदेश्वर साहू, मोहम्मद जुल्फान अंसारी, धनंजय साहू, अमीरुल अंसारी, संजय लोहरा आशा सिंह, अजय गौतम, नरेश शर्मा, पप्पू कुमार, सुनील उरांव, मुकेश उरांव, चांदनी सोनवानी, रामरेखा साहू, शंकर साहू, मुकेश साहू, मुकेश उरांव, संजय साहू, सन्नू नायक, करण नायक, बबलू नायक, विनोद नायक, दिलीप बनर्जी, अंजू लिंडा सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मोटरसाइकिल रैली में शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण खबरें

### ग्राम प्रधानों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



चाकुलिया (आजाद सिपाही)। चाकुलिया प्रखंड के ग्राम प्रधानों ने अपने 23 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए बीडीओ आरती मुंडा को विभिन्न 23 सूत्री मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि जल्द मांगों पर उचित कार्रवाई की जायेगी। उसके बाद सभी ग्राम प्रधानों ने डाक-बंगला परिसर में बैठक की। बैठक में अतिथि के रूप में संपूर्ण मानवता कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ संजय गिरी शामिल हुए। डॉ गिरी ने ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान गांव का रीढ़ हैं। उनके मजबूती से ही ग्राम सभा सशक्तिकरण की कल्पना की जा सकती है। इस अवसर पर कहा कि ग्राम प्रधान का सपरिवार निःशुल्क ओपीडी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए एक हेल्थ कार्ड बनाया जायेगा। मौके पर पंकज महतो, गोप बंधु मिश्रा, मनींद्र महतो, संतोष महतो, दीकूराम हांसदा, रतन लाल किस्कू, हिकिम मांडली, मृत्युंजय नायक, सीताराम सोरेन, जगदीश मंगरराज, लक्ष्मण सोरेन, खिरोद सिंह, बैद्यनाथ हांसदा, दिलीप पाल, माखन पाल, राजेश्वर महतो, शिव चरण किस्कू, पागान हेंब्रम सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान उपस्थित थे। सभा का संचालन गिरीश चंद्र महतो ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन कोकिल महतो ने दिया।

### युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को वाल्मीकि नगर हरमू रोड में झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने युवाओं को झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कराया। युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन और झारखंड के मुख्यमंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को आदर्श मानकर झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में सम्मिलित हो रहें हैं। राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि वीर शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के आदर्शों पर चलते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार को आगे की ओर बढ़ाना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नंद किशोर सिंह चंदेल, सोमू बनर्जी, अमन ठाकुर, साकिर ने अपना योगदान दिया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रवेश कुमार के नेतृत्व में प्रवीण कुमार, हेमंत वाल्मीकि, सूरज वाल्मीकि, प्रियांशु पवार, शुभम कुमार, अमन कुमार, अमित कुमार, अनिकेत कुमार, अभिषेक कुमार, बाबूलाल जेडिया, ओमकार कुमार, कुणाल कुमार, चंदू कुमार, अंतू कुमार, राहुल जेड़िया, हर्ष कुमार, मनीष कुमार, यशपाल कुमार, मोनू कुमार, नितिन चावरिया, राहुल जेडिया, राजवीर राम, राहुल पवार, राजू राम, रवि कुमार, रोहित राम, सचिन राम, सागर राम, शिवा राम, सन्नी, राजू जेड़िया, अंशु कुमार, बादल कुमार, सागर कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग ने सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम में साथ में उपस्थित संध्या देवी, गीता देवी लोग मौजूद रहीं।

### 260 पौधों का रोपण और वितरण कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह-शाखा रांची के द्वारा अघोराचार्य महाराज श्री बाबा कीनाराम के अवतरण दिवस पर ग्राम-तारूप में 260 पौधों का रोपण सह वित्रण किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात विधिवत आरती-पूजन के साथ किया गया। उसके उपरांत धर्मेंद्र सिंह के बागान में लगभग 15 पौधों का रोपण किया गया। गोष्ठी के बाद ग्रामीण बंधुओं के बीच आम औरअमरूद के 245 पौधों का वितरण किया गया। श्री सर्वेश्वरी समूह - शाखा रांची के ओर से नवीन कुमार, रंजीत कुमार सिंह, आशुतोष कुमार, नवल किशोर सिंह, सुनील सिंह, समरेंद्र कुमार सिंह, उदय नंद पांडेय, चंद्रशेखर सिंह, अभिजीत रौनियार, गंगाधर नाथ शाहदेव, श्रवण कुमार शर्मा, गिरेंद्र नाथ शाहदेव, पवन कुमार, अंजनी कुमार सिंह, कीर्तिमान नाथ शाहदेव, सौरभ राज, द्वेद नाथ शाहदेव, उदित सिंह, ऋषभ सिंह, समर प्रताप सिंह के साथ शाखा के लगभग 30 सदस्य शामिल हुए।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम ने लापता युवक को परिवार से मिलाया

# प्रणामी ट्रस्ट जो कार्य कर रहा वह बहुत ही सराहनीय है : कुमार संजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण में चल रहे सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में समाज के प्रबुद्ध समाजसेवियों के सहयोग से अपने घर से लापता मंदबुद्धि युवक का समुचित इलाज एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान हो रहा है। जिसमें अपना घर आश्रम भरतपुर एवं सत्यनारायण पोद्दार चैरिटेबल ट्रस्ट रांची सहयोगी संस्था के रूप में संयुक्त रूप से कार्य कर रहा है। आश्रम में अभी मंदबुद्धि होने के कारण लापता हुए 25 मंदबुद्धि युवक रहे हैं। उनकी सेवा संस्था के सदस्यों एवं सेवाधारियों की देखरेख में की जा रही है। सभी का इलाज न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण की गाइड लाइन पर हो रहा है।

इलाज के दौरान दो लापता की याददाश्त वापस आ गयी तो उन्होंने अपने परिवार वालों का नाम पता बताया। अपने बच्चों के ठीक होने की खबर से उनके खुशी का ठिकाना न था वे तुरंत अपने बच्चे को घर वापस ले जाने के लिए रांची स्थित श्री मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के द्वारा संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) पुंदाग रांची पहुंचे।

एक लापता युवक को गत गुरुवार 29 अगस्त 2024 को उनके परिवार वाले दरभंगा से आकर ले गये। दूसरे का नाम सोनू कुमार है वह भी अपने घर से याददाश्त खोने के कारण लापता हो गये थे। उन्हें भी उनके घर वाले शनिवार 31 अगस्त 2024 को उत्तर प्रदेश से आये।

इस मौके पर रविवार को एक मिलन समारोह सह संवाददाता-सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कुमार संजय सेवानिवृत्त मुख्य आयकर आयुक्त झारखंड थे।

कुमार संजय ने कहा कि प्रणामी ट्रस्ट जो कार्य कर रहा है वह बहुत ही सराहनीय है। संस्था के द्वारा भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव, नंदोत्सव,छठी महोत्सव एवं 165 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणमी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन भी किया गया था।

इस मौके पर डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाडिया, शिव भगवान अग्रवाल, मनीष सोनी, ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, पुर्णमल सर्राफ, विशाल जालान, मनीष जालान, जयप्रकाश मित्तल, सुरेश चौधरी, नन्द किशोर चौधरी, गोविंद अग्रवाल, प्रभाष गोयल, धीरज गुप्ता, चंद्रदिप साहू एवं महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, शारदा पोद्दार, बिमला जालान, शोभा जालान, अमिता जालान, मनीषा जालान, ललिता पोद्दार, रेखा पोद्दार, सुनीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### एनयूएसआरएल में जस्टिस एसबी सिन्हा स्मृति व्याख्यान

# जस्टिस एसबी सिन्हा ने कानून के निर्माण में महती भूमिका निभायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (एनयूएसआरएल) ने जस्टिस एसबी सिन्हा की स्मृति में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत में झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय ने जस्टिस एसबी सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन के साथ औपचारिक शुरूआत की गयी। कुलपति डॉ. अशोक आर पाटिल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और जस्टिस एसबी सिन्हा के योगदान को याद करने का अवसर बताया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने अपने व्याख्यान में जस्टिस एसबी सिन्हा के न्यायिक योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जस्टिस सिन्हा ने कानून के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके फैसले 2000 से 2009 तक के लॉ जर्नल्स में प्रमुख स्थान पर थे। न्यायमूर्ति गवई ने जस्टिस सिन्हा की कार्यशैली की तारीफ की, उन्हें अत्यंत मेहनती और समर्पित बताते हुए कहा कि वे कई स्टेनोग्राफरों से काम लेते हुए कई महत्वपूर्ण फैसले लिखवाते थे और सेवानिवृत्ति के बाद भी सक्रिय रहे।जस्टिस गवई ने केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामले को संविधान के विकास में अहम बताते हुए मौलिक अधिकारों की रक्षा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन अस्सिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. जीसु केतन पटनायक ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। उन्होंने इस आयोजन को गौरवपूर्ण बताते हुए सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, विशेषकर न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई का आभार व्यक्त किया।







## जेल से बाहर निकले दो युवकों के बीच चाकूबाजी, पुलिस ने दबोचा



रांची (आजाद सिपाही)। कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आये दो युवकों के बीच चाकूबाजी हुई है। यह घटना पंडरा ओपी क्षेत्र के हेहल अंचल के पास रविवार की दोपहर को घटी। यहां मधुकम के रहने वाले बिरनी और पल्लू नाम के दो युवकों ने एक दूसरे पर चाकू से हमला किया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। **चोरी के सामान के बंटवारे को लेकर दोनों के बीच हुआ विवाद :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दोनों युवकों का आपराधिक इतिहास रहा है। इन दोनों ने मिल कर एक चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी के सामान के बंटवारे को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी में दोनों युवकों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक ब्राउन शुगर का भी कारोबार करते हैं और नशे के आदी हैं। कुछ महीने पहले ही दोनों युवक जेल से बाहर आये हैं।

# राज्य की दिशा और दशा को बदलने के लिए आजसू बुद्धिजीवी मंच की भूमिका अहमः सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य की दिशा और दशा को बदलने के लिए आजसू बुद्धिजीवी मंच की भूमिका अहम है। बुद्धिजीवी मंच के सभी अनुभवी पदाधिकारी को अपने दायित्व का बोध है। बुद्धिजीवी मंच पार्टी की शक्ति का मुख्य केंद्र है। आपके अनुभव से हम राज्य को बेहतर बनाने की दिशा में मिल कर काम करेंगे। ये बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित आजसू बुद्धिजीवी मंच के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह में कहीं। इस दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपने पद का शपथ ग्रहण किया, साथ ही पार्टी अध्यक्ष द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया।

सुदेश महतो ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच के सभी पदाधिकारियों का समर्पण और संगठन के प्रति अपना श्रेष्ठ देने का जज्बा हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। आप सभी सरकार के अर्थ और सामर्थ्य को समझते हैं। सरकार के कार्यकाल का मूल्यांकन करने का समय है। पदाधिकारी अलग-अलग क्षेत्र से हो सकते हैं, लेकिन सबकी सामूहिक जिम्मेदारी नये जनादेश के लिए काम करना है।

उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा राज्यभर में चलाये जा रही जन जागरण पदयात्रा और राज्य के बेरोजगार युवाओं का बॉयोडाटा संग्रह अभियान के साथ ही 8 सितंबर को होनेवाली नवनिर्माण संकल्प सभा और 9 सितंबर से हर विधानसभा क्षेत्र में होनेवाली नवनिर्माण संकल्प पदयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से आप सभी को अपना योगदान देना है।

आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा ने कहा कि हम अपने विवेक, अनुभव और केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के मजबूत कंधों के साथ झारखंड को विकसित बनाने के अपने संकल्प को पूरा करेंगे। हमारा लक्ष्य सुशिक्षित और सुविकसित झारखंड बनाने के लिए काम करना है। हम सभी को अपनी आखिरी सांस तक आजसू पार्टी के साथ मिल कर झारखंड की बेहतरी के लिए काम करना है। आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय महासचिव मुकुंद चंद्र मेहता ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी राज्य के विभिन्न गांव में जायेंगे और आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। बुद्धिजीवी मंच के सभी पदाधिकारी पूरे समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। संगठन के प्रति समर्पण ही हमारी ताकत है। प शहजाद आलम आजसू बुद्धिजीवी मंच के रांची जिलाध्यक्ष बनाये गये।

इस अवसर पर आजसू बुद्धिजीवी मंच के उपाध्यक्ष प्रो उमेश चंद्र मेहता, कामेश्वर प्रधान, महेंद्र मोदी, डॉ के पी सिन्हा, शिवशंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, अंचल किंगर, काशीनाथ महतो, प्रशांत कुमार बलथरिया, मंजूर खान, कौशिक चांद, मनोज साहू, प्रो आनंद कुशवाहा, डॉ राकेश सिन्हा, डॉ राम प्रसाद, प्रद्युमन पांडेय इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## तेनुघाट विद्युत निगम के लेखा निदेशक पर आरोप

रांची (आजाद सिपाही)। पलामू डाल्टनगंज के बेलवाडीह के रहने वाले प्रदीप सिन्हा ने तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड के लेखा निदेशक सौरभ झा पर भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति अर्जन के गंभीर आरोप लगाये गये हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विवरण सहित पत्र लिखा है। एक शिकायत में कहा गया है कि श्री झा ने ठेकेदारों से रिश्वत लेकर निगम को लाखों रुपये की चपत लगायी है और अपनी पत्नी के नाम पर बैंक खातों में पैसा जमा किया है। शिकायत में कहा गया है कि श्री झा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए निगम के पैसे को कम ब्याज दर पर देकर बैंकों से घूस ली है और अपने साले को भी पैसा वसूलने के लिए लगाया हुआ है। शिकायतकर्ता ने श्री झा की पत्नी के बैंक खाते के स्टेटमेंट, होम लोन स्टेटमेंट और ऑनलाइन लेन-देन की सूची के साथ-साथ अन्य दस्तावेजों को भी संलग्न किया है। इस मामले में ऊर्जा विभाग से श्री झा के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की गयी है।

## रांची में द्वादश ज्योतिर्लिंग मेले का समापन



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के पिठौरिया में चल रहे प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के 21 दिवसीय महाशिवरात्रि द्वादश ज्योतिर्लिंग मेले का रविवार को समापन हो गया। मेले में एक हजार से ज्यादा शिव भक्तों ने हाजिरी लगायी। भक्तों ने यहां एक साथ 12 ज्योतिर्लिंग के प्रारूपों का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर बीके राजमती ने कहा कि भगवान शिव हमारे कण-कण में हैं। हमें उन्हें कहीं ढूंढ़ने की जरूरत नहीं है। शिव की महिमा अपरंपार है। हमें शिव की आराधना कर उनके बताये हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर मुख्य रूप से आशुतोष द्विवेदी, समाप्ति देवी, लीला देवी, उर्मिला देवी, यशवंत कुमार, अशोक उरांव, लक्ष्मी देवी, किरण देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी, इंद्रा राधा कुमारी उर्मिला देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## छट्ठी महोत्सव का आयोजन किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के द्वारा श्री कृष्णा जी के छट्ठी महोत्सव 2024 का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से राजीव रंजन मिश्रा, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह और समाजसेवी सुनील गुप्ता, उपेंद्र रजक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत श्री मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर की जिसके पश्चात बाल गोपाल की पूजा अर्चना कर आरती की गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पीयूष आनंद ने की और संचालन राकेश सिंह ने किया। कार्यक्रम के धन्यवाद ज्ञापन ज्योति शंकर साहू के द्वारा किया गया। पूजा अर्चना के पश्चात बाल गोपाल को महाभोग लगाया गया। उसके बाद भक्तगणों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में नवनीत पांडेय, श्रवण कुमार, दीपू गाड़ी, शाहिल कुमार, अनिल गुप्ता, प्रकाश पाल, सोनू पटवा, मनीष सिन्हा, बीरू पासवान, राजीव सिंह, सूरज पांडेय सहित सैकड़ों कृष्णा भक्त उपस्थित थे।

## उर्दू शिक्षक संघ का प्रयास लाया रंग, अब अलग बनेगी अवकाश तालिकाः अमीन अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद डायट रांची के उपनिदेशक एमके सिंह ने एक पत्र जारी कर यह स्पष्ट किया है कि वर्ष 2025 से प्रारंभिक विद्यालयों की अवकाश तालिका सामान्य और उर्दू विद्यालयों का अलग-अलग बनाया जायेगा।

पत्र में कहा गया है कि झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ की ओर से सौंपे गये मेमोरेंडम के पश्चात समीक्षा करने पर पाया गया कि एक समान अवकाश तालिका 2024 में क्रम संख्या 1 से 39 में राज्य स्तर से निर्धारित कुल 55 दिनों का अवकाश देय है एवं इसकी संख्या संसूचित उर्दू एवं सामान्य विद्यालयों के लिए एक समान है।

क्रम संख्या 40 में वर्णित पांच अवकाश संसूचित उर्दू एवं सामान्य विद्यालयों के लिए स्थानीय पर्व एवं आकस्मिक स्थानीय आवश्यकता अनुसार जिला स्तर से उपायुक्त की अनुमति से निर्गत किए जाने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि एक समान अवकाश तालिका में त्रुटियों को दूर करने के लिए आगामी वर्ष से राज्य के संसूचित उर्दू एवं सामान्य विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका प्रकाशित किये जाने की योजना है। इससे संबंधित आदेश जे सी ई आर टी द्वारा जारी कर दी गई है।

संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि 2024 में जेसीईआरटी द्वारा जारी एक समान अवकाश तालिका में कई त्रुटियां है, जिसकी लिखित शिकायत पूर्व में ही जेसीईआरटी को की गयी थी।

**उर्दू विद्यालयों में 9 अवकाश कम किये गये हैं :** संघ के महासचिव अमीन अहमद एवं प्रवक्ता शहजाद अनवर ने विभाग की ओर से जारी पत्र का स्वागत करते हुए कहा कि देर से ही सही, परंतु विभाग ने एक उचित निर्णय लिया है। आगामी वर्ष से अलग-अलग अवकाश तालिका जारी करना शिक्षा हित में होगा। विभाग से आग्रह है कि वर्तमान आकाश तालिका में जो त्रुटियां हैं उसका समाधान का पत्र भी विभाग की ओर से जल्द जारी किया जाये।

## अभ्यर्थियों को 50 लाख रुपये मुआवजा दिया जाये : विजय शंकर नायक



रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान हुई मौतों पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इन घटनाओं की जांच के लिए विशेष कमेटी बनायी जाये और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाये। श्री नायक ने कहा कि यह अप्रत्याशित घटना एवं सोचनीय प्रश्न है कि उत्पाद सिपाही की नियुक्ति के लिए हुए दौड़ प्रतियोगिता में करीब 10 लोगों की मौत हुई है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि मृत उत्पाद सिपाही के अभ्यर्थियों के आश्रित परिवार को 50 लाख मुआवजा अविलंब दिया जाये और उनके परिवार के लोगों को हर एक घर से एक नौकरी दी जानी चाहिए।

## सत्येंद्र कुमार मल्लिक को मातृ शोक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह झारखंड प्रदेश प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मल्लिक की मां सीता देवी मल्लिक का रविवार को निधन नेपाल के शहर विराटनगर में हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। वे अपने पीछे तीन पुत्री एवं दो पुत्रों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। वे मूलतः दरभंगा स्थित मेहिसाईर गांव की निवासी थीं। उनका दाह-संस्कार एवं नेपाल स्थित विराटनगर से होगी।

## रिम्स डेंटल कॉलेज घोटाला मामले में दो पूर्व निदेशक समेत एक वरिष्ठ अधिकारी पर गिर सकती है गाज

रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स डेंटल कॉलेज में करीब 37 करोड़ रुपये के उपकरण खरीद घोटाले में अब आपराधिक कृत्य के तहत मामला दर्ज करने की तैयारी हो रही है। अगर ऐसा हुआ, तो इस मामले में रिम्स के दो पूर्व निदेशक और रिम्स डेंटल कॉलेज के एक वरिष्ठ अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। रिम्स प्रबंधन ने पक्षकारों को अंतिम मौका देते हुए मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। **इन लोगों पर हो सकती है कार्रवाई :**सेवानिवृत्त पूर्व निदेशक डॉ बीएल शेरवाल (वर्तमान में राजीव गांधी सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल, दिल्ली के निदेशक), पूर्व निदेशक डॉ सत्येंद्र कुमार चौधरी और रिम्स डेंटल कॉलेज के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, मैक्सिलोफेसियल सर्जरी डॉ वीके प्रजापति को पत्र लिख कर वित्तीय अनियमितता की इस कार्रवाई में शामिल होने को कहा गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि इस मामले में जिस तरह से टाल-मटोल की नीति अपनायी जा रही है, ऐसे में क्यों न आप सभी के ऊपर आपराधिक कृत्य के तहत कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाये। शासी परिषद में भी इस बात पर चर्चा हुई थी, जिसमें नये सिरे से कार्रवाई शुरू करने पर सहमति बनी थी। **शासी परिषद के सामने रखी जायेगी रिपोर्ट :** आंतरिक जांच रिपोर्ट आगामी शासी परिषद के समक्ष कार्रवाई के लिए रखी जायेगी। यह मामला वर्ष 2015 का है। लेकिन, मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। महालेखाकार की जांच टीम ने 28 सितंबर 2020 को गड़बड़ी पकड़ी थी। जांच टीम ने अपने ऑडिट में पाया था कि उस वक्त उपकरणों की खरीद 200 से 250 फीसदी ज्यादा कीमत पर की गयी थी। जांच रिपोर्ट में इस बात का जिक्र है कि इस मामले में टेंडर प्रक्रिया को नजरअंदाज करते हुए मनमाने तरीके से चहेती एजेंसी को ठेका दिया गया। शासी परिषद, रिम्स की बैठक में 5.80 करोड़ की खरीद पर सहमति बनी थी। बाद में उसे 9.29 करोड़ किया गया।

## मुख्यमंत्री नौकरी बांट रहे हैं या मौत : रोमित

**हेमंत सरकार द्वारा आपाधापी में भादो की उमस भरी गर्मी में दौड़ आयोजित कराने के कारण ही राज्य के 6 बेरोजगार युवक मौत के मुंह में समा गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्पाद सिपाही बहाली को लेकर दौड़ के दौरान राज्य में 13 युवकों की मौत हो गयी। इसके विरोध में रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में ज़िला स्कूल शहीद चौक से आक्रोश मार्च निकाल कर सरकार का पुतला जलाया गया। युवा विरोधी सरकार हाय-हाय के जोरदार नारों के साथ अपना विरोध जताया। मौके पर शशांक राज ने कहा कि हेमंत सोरेन की निकम्मी सरकार युवाओं को ठगने का काम कर रही है। मौके पर वरुण साहू ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर निकम्मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सरकार का पुतला जलाकर जाते हैं क्योंकि इस सरकार में युवाओं के साथ सिर्फ धोखा हुआ है।

हेमंत सरकार द्वारा आपाधापी में भादो की उमस भरी गर्मी में दौड़ आयोजित कराने के कारण ही राज्य के 6 बेरोजगार युवक मौत के मुंह में समा गये। हेमंत सरकार ने भर्ती केंद्रों पर ना तो पीने के पानी की व्यवस्था है, ना शौचालय की और ना ही महिलाओं द्वारा छोटे बच्चों को स्तनपान कराने की कोई व्यवस्था है। राज्य सरकार 6 बेरोजगार युवकों के मौत की न्यायिक जांच कराये और मृत युवकों के आश्रितों को उचित मुआवजा तथा सरकारी नौकरी उपलब्ध करायें।

इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से रमेश सिंह, शोभा यादव, संदीप वर्मा, संजीव विजयवर्गीय, बलराम सिंह, उमेश रंजन साहू, जितेंद्र वर्मा, विनय सिंह, राजू सिंह, लाल रंजीत नाथ सहदेव, संकेत तिवारी, तरुण दास, पियूष विजयवर्गीय, ऋषि गककर, आनंद पांडे, अमित साहू, उज्जवल मिश्रा, नवेंदु उपाध्याय, सनी सिंह,सावन कुमार, राजू पांडे सहित सैकड़ों की संख्या में युवा शामिल हुए।

## संजय सेठ का भव्य स्वागत किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रविवार को सैनिक बाजार दुकानदार संघ के तत्वावधान में केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ का सैनिक बाजार परिसर में भव्य स्वागत किया। सैनिक बाजार दुकानदार संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने पुष्प गुछ दे कर श्री सेठ का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में रिजवान उल हक, मोहम्मद जमाल, सोनी मेहता, विमलेश सिंह, संजय सिंह, शकील, सुमन पाल, रुपेश अग्रवाल, दानिश, भगवत प्रसाद ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारु का भी स्वागत संजय सिंह ने किया। दुकानदार संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मार्केट का नक्शा 5 मंजिला का बना हुआ है लेकिन अभी दो ही मंजिल बना है। सभी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया गया। मंत्री ने कहा कि सैनिक कल्याण निदेशालय के मुखिया राज्य के गवर्नर होते हैं। मैं भी सभी समस्याओं को समझ गया हूं, उनको बताऊंगा। मंच का संचालन दिनेश ठक्कर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सुनीता मांनसारिया ने किया।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति ने सम्मान समारोह में अभिनंदन किया

## संजय सेठ ने जन्माष्टमी महोत्सव के लिए आभार जताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के तत्वावधान में आज होटल ग्रीन होरिजन में आयोजन की सफलता पर समिति के सदस्यों सहित आयोजन में सहयोग करने पर करने वाले संस्थाओं के लिए सम्मान समारोह रखा गया था। इस सम्मान समारोह में बिहार के दीघा क्षेत्र के विधायक संजीव चौरसिया भी उपस्थित हुए। आयोजन की सफलता के लिए संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद प्रेषित किया। उन्होंने कहा आप सभी लोगों के सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि माहेश्वरी सभा द्वारा समिति को बैठक के लिए भवन उपलब्ध कराना, प्रसाद की व्यवस्था देना, मारवाड़ी युवा मंच , रांची द्वारा करीबन 45000 लोगों के बीच दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता के दिन चाय और बिस्कुट और पानी की सेवा देना मानव सेवा प्रभु सेवा का जीवंत उदाहरण है। संजय सेठ ने कहा कि दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का आयोजन बहुत शानदार रहा और इसके लिए मैं आयोजन समिति के तमाम पदाधिकारीयो, सदस्यों एवं प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने सभी व्यक्तियों को धन्यवाद देता हूं। आज के सम्मान सह-अभिनंदन समारोह में संरक्षक संजय सेठ, आशा लकड़ा, संजीव चौरसिया, संजीव विजयवर्गीय, चंद्रकांत रायपत, अध्यक्ष मुकेश काबरा, जवाहर तनेजा,कुणाल आजमानी,राम बांगड़, संजय जायसवाल, प्रमोद सारस्वत, पवन बजाज, संजय पोद्दार, संजीव विजयवर्गीय, ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, नीरज कुमार, नीरज चौधरी, सतीश सिंहा, सतेंद्र सिंह गुड्डू ,राजीव सहाय, विपिन वर्मा,मनोज कुमार,लल्लू सिंह, रामशंकर बगड़िया,अमर प्रसाद, संदीप वर्मा, राजीव चटर्जी,जुगल दरगढ़ ,कवल जीत सिंह सटी,मनीष लोधा, अमित चौधरी,विजय ओझा,मनोज तिवारी,संजीव साहू,विपिन वर्मा,पूनम आनंद, कुमुद झा, नीलम चौधरी, नीतू सिंह, वीरेंद्र गुप्ता सहित काफी संख्या में सदस्यों का योगदान रहा।

## ठग ने कैमिकल लगाकर जेवरात ठगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिले के रातू थाना क्षेत्र के अनन्या सिटी स्थित एक घर में शनिवार को सास-बहू को अकेला देख ठग ने पहले दरवाजे पर बुलाया और फिर जेवरात चमकाने का झांसा देकर गले से हार और कान का कुंडल लेकर फरार हो गया। पीड़ित सास का नाम विमला देवी है और वह अपनी बहू के साथ घर में अकेली थी। पीड़िता ने बताया कि सास-बहू अपने घर में पहले तल्ले पर बालकनी में खड़ी थी। इसी दौरान एक ठग उनके दरवाजे पर पहुंचा और पतंजलि के साबुन-सर्फ के बारे में जानकारी देने की इच्छा जतायी। हालांकि उन्होंने नीचे आने से इंकार कर दिया। इसके बावजूद दरवाजे पर खड़े ठग ने आग्रह करते हुए एक बार नीचे आकर जानकारी प्राप्त कर लेने की बात कही। सास-बहू भी झांसे में आ गयी और नीचे उतर कर मेन गेट खोल दी। पहले से खड़ा ठग दरवाजे पर ही बैठ गया और साबुन-सर्फ के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी पुराना धातु है तो दें, उसे साफ कर देगा। पीड़ित बहू भी झांसे में आ गयी और पहले एक पूजा करने वाला धातु दी, जिसे चमकाने के बाद ठग ने वापस भी कर दिया। फिर चांदी की पायल को भी चमकाने के बाद वापस कर दिया। इसके बाद सास विमला देवी के गले से हार और बहू के कान से कुंडल लिया और चकमा देकर अपनी जेब में रख लिया। ठग के कारनामे को सास-बहू नहीं समझ पायीं, जिसकी वजह से दोनों शांत रह गयी। ठग अपने बैग से कैमिकल लाने की बात कह थोड़ी दूरी पर बाइक लेकर खड़ा अपने दूसरे साथी के पास गया और उसे भी बुला कर मुख्य दरवाजे तक वापस लेकर आया। दोनों ठग ने मिल कर झांसा देते हुए पीड़ित बहू के हाथ में एक प्लास्टिक की पुड़िया थमा दी, जिसमें साफ होने के लिए कैमिकल के साथ जेवरात रखे जाने की बात कही। प्लास्टिक की पुड़िया 30 मिनट बाद खोल कर कैमिकल से जेवरात निकालने की बात कहते हुए दोनों ठग वहां से चले गये। 10 मिनट बाद ही पीड़ित बहू ने जब प्लास्टिक खोला तो देखा कि जेवरात गायब है। इसके बाद पीड़ित सास-बहू ने फोन कर घटना की जानकारी अपने बेटा प्रभाकर श्रीवास्तव समेत परिवार के अन्य लोगों को दी। पीड़ित विमला देवी का बेटा प्रभाकर श्रीवास्तव देर शाम रातू थाना पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज करायी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, लेकिन अपराधियों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पायी है।

**गले से ठग खुद खोला हार, जबरन उतरवाना चाह रहा था मंगलसूत्र :** पीड़ित सास विमला देवी ने बताया है कि उनके गले के मंगलसूत्र पर भी ठग की नजर थी। ठग बार-बार उसे भी साफ करने की बात कहते हुए खोलकर देने की बात कह रहा था। हालांकि मंगलसूत्र नहीं खुल रहा था। इसके बाद ठग ने उसे जबरन उतरवाना चाहा लेकिन विमला देवी ने उसे खोलने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद बहू ने भी हस्तक्षेप किया, जिसके बाद ठग माने। सास-बहू को जरा भी अंदेशा नहीं था कि ठग पूरा जेवरात ही गायब कर देगा।

जेवरात ठगने पहुंचा दोनों अपराधी खुद को पंतजली का कर्मचारी बता रहा था। पतंजली प्रोडक्ट के बारे में जानकारी देते हुए हर धातु को आसानी से चमकाने का दावा कर रहा था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस दोनों ठग के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

## तोरपा के संत जोसेफ स्कूल मैदान में आदिवासी मिलन समारोह

# धर्म के नाम पर आदिवासियों को बांटने की हो रही है साजिश : कालीचरण मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि कुछ तत्व धर्म के नाम पर आदिवासी समाज को बांटने की साजिश कर रहे हैं। हमें ऐसे तत्वों सें सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज, भाषा और संस्कृति को बचाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। समाज को आगे ले जाने की जिम्मेवारी युवाओं के कंधे पर है। उन्होंने युवाओं को नशापान से दूर रहने को कहा। सांसद मुंडा ऑल चर्चेस कमेटी, सरना संगोम समिति तथा पड़हा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को संत जोसेफ हाई स्कूल मैदान तोरपा में आयोजित आदिवासी मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह मे आदिवासी एकजुटता के साथ अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा को बनाये रखने का संकल्प लिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सिसई के विधायक झिगा मुंडा ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। इस हथियार से किसी भी कठिनाई से लड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बच्चे पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान दें तथा नशापान से दूर रहें।

### भाषा संस्कृति को बचाकर रखें आदिवासी: बिशप

खूंटी के बिशप विनय कंडुलना ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि जो समाज अपनी भाषा और संस्कृति को बचाकर नहीं रखता, वह समाज ज्यादा दूर तक नहीं चल पता। इसलिए हमें अपनी भाषा-संस्कृति को बचाकर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की विशेषता है कि उन्होंने लंबे समय तक जल, जंगल, जमीन व पर्यावरण को बचाकर रखा है। सभा को विधायक नमन विक्सल कोनगाडी, सरना सांगोम समिति की दुर्ग्रवती ओड़ेया, हाबिल हेमरोम आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में महिला विकास निदेशक सिस्टर मरयालेना, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुडिया, जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी, झामुमो नेता सुदीप गुडिया, इम्मानुएल तोपनो, समुएल आईंद, फुलजेम्स तोपनो, फादर अविंद सिस्टर अलमा, फादर तेजकुमार लिंडा, फादर बलधीर, जोन फेडरिक तोपनो, प्रमुख रोहित सुरीन, फादर रवि पौल एक्का, फादर फ्रसिस, मसीह चरण पूर्ति, सुसमा तोपनो,

मुखिया विनिता नाग, पुष्पा गड़िया, शिशिर तोपनो, रोशनी गुड़िया, गुंजन तोपनो आदि उपस्थित थे। संचालन रजनी बागे व शालिनी डूंगडूग ने किया. स्वागत भाषण फादर बिशू बेंजमीन तथा धन्यवाद ज्ञापन फादर हीरालाल हुनि पूर्ति ने किया। चर्चा का विषय बना सांसद की जगह सिसई के विधायक को मुख्य अतिथि बनाना ऑल चर्चेस कमेटी, सरना संगोम समिति तथा पड़हा समिति द्वारा रविवार को तोरपा में आयोजित आदिवसी मिलन समारोह में आयोजकों द्वारा खूंटी के सांसदकालीचरण मुंडा की जगह सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक झिग्गा मुंडा को मुख्य अतिथि बनाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। लोगों का कहना है कि स्थानीय सांसद के रहते दूसरे विधानसभा क्षेत्र के विधायक को मुख्य अतिथि बनाना सांसद का अपमान है।

### भारत के प्रथम नागरिक हैं आदिवासी: गलेडसन डुंगडुंग

**समारोह के मुख्य वक्ता अतरराष्ट्रीय मानवधिकार कार्यकर्ता गलेडसन डुंगडुंग ने कहा कि आदिवासी भारत के प्रथम नागरिक हैं। यह वैज्ञानिक रूप से भी प्रमाणित हो चुका है। भारत में आदिवासियों को खत्म करने का अभियान वर्षो से चल रहा है। भारत के संविधान से आदिवासी शब्द हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया गया, लेकिन उन्होंने नौ अगस्त को आदिवासियों को शुभकामना देना तक उचित नहीं समझा। झारखंड में एक आदिवासी मुख्यमंत्री बना, पर उसे झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया गयां पांचवी अनुसूची में निहित प्रावधानों का भी पालन नहीं किया जा रहा है।**

## झारखंड के राज्यपाल आज आयेंगे ईचागढ़, तैयारी पूरी



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के रूगड़ी गांव में ग्रामीणों से जनसंवाद को लेकर झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का सोमवार को पदार्पण होगा। रूगड़ी हाट मैदान में तैयारी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो व थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडेय द्वारा स्थल का जायजा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के राज्यपाल सड़क रास्ते पर ईचागढ़ के रूगड़ी हाट तोला पहुंचेंगे। करीब दिन के 10:30 बजे रूगड़ी पहुंचने की सुचना है। बताया जा रहा है कि राज्यपाल ग्रामीणों से जनसंवाद करेंगे और गांवों के ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्र के समस्याओं से रूबरू होंगे। राज्यपाल का एक दिवसीय दौरा को लेकर प्रशासन भी तैयारी में जुट गयी है। बताया जा रहा है कि राज्यपाल के आगमन पर चप्पे चप्पे पर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रहेंगे।

## अनुमंडल पदाधिकारी के रवैए से लोग परेशान हैं



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर पंचायत के कुम्हार टोली निवासी बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी के वाहन चालक महावीर कुम्हार के रवैए से लोग परेशान है। आऐ दिन एसडीओ का धौंस जमाकर लोगों से डरा धमका कर पैसा ऐंठते है। उनका तानाशाही रवैया, लोगों से झुठा दिलासा देकर पैसा लेना, अनुमंडल पदाधिकारी के नाम पर पैसा वसुली करना, अवैध बालू का वसुली करना, गांव घर में राजनितिक करना, इन सब कारणों से लोग परेशान होकर सैकड़ों की संख्या की हुजूम बनाकर तमाड़ विधायक के पास जाकर अनुमंडल पदाधिकारी के वाहन चालक महावीर कुम्हार पर कार्रवाई करने की मांग की।

# अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ निकाला आक्रोश मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता




**बुंडू।** बुंडू थाना क्षेत्र के हेसादा गांव से अपहृत ठाकुरा मुंडा 14 वर्ष की 25 दिनों के बाद भी बरामदगी और अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ आदिवासी संघर्ष मोर्चा व भाकपा माले के बैनर तले बुंडू में आक्रोश मार्च निकाला। ज्ञात हो कि हेसादा के 14 बर्षीय ठाकुरा मुंडा के लापता होने का बुंडू थाने में 8 अगस्त को सन्हा दर्ज और 18 अगस्त को अपहरण व हत्या की संभवना पर नामजद एफआईआर के बाद भी गुत्थी सुलझाने में व अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्रामीण आक्रोशित है। पैदल मार्च में ठाकुरा मुंडा के अपहरणकर्ता को गिरफ्तार करो, अपराधियों को संरक्षण देना बंद करो, डायन-बिसाही के नाम गांव में आतंक फैलाने वाले अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं बुंडू पुलिस जवाब दो आदि जोरदार नारे लगे। आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेता सुखदेव मुंडा ने कहा-आज एक आदिवासी युवक को गायब कर दिया गया है और तमाम आधुनिकता व तामझाम के बावजूद बुंडू प्रशासन 25 दिन में न अभियुक्त की गिरफ्तारी कर पायी है और न ही युवक की बरामदगी कर पायी है। आज जो परिस्थिति है। उसके के लिए बुंडू प्रशासन जिम्मेवार है पिछले 3 साल से बुधराम जैसे अपराधी गुट बनाकर डायन के नाम पर गांव में आंतक फैलाकर पैसे की उगाही व कई परिवारों को प्रडताड़ित कर रहे थे। उनके खिलाफ डायन उत्पड़ीन के एफआईआर के बावजूद बुंडू पुलिस थाने में पंचायती-समझौता कराया और 107 का केस भेजकर अपराधियों का मनोबल बढ़ाने का काम किया है। अब भी चेते और कानूनी कार्रवाई तेज करे अन्यथा आंदोलन और तेज किया जायेगा। मार्च में मुख्य रूप से माले नेता जगमोहन महतो, रामेश्वर मुंडा, लखिमनी मुंडा, ठाकुरा मुंडा, पूर्णचंद्र मुंडा, कालिपद मुंडा, जोगेन मुंडा, गुरुवारी मुंडा, पानेश्वरी मुण्डा, दुर्योधन मुंडा, सुमित्रा मुंडा, शितला मुंडा, महावीर मुंडा, शुकरू मुंडा, पार्वती मुंडा, डोमा मुंडा, मगन मुंडा व प्रधान मुंडा शामिल रहे।

## डायरिया पीड़ित लोगों को अस्पताल में किया गया भर्ती



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तिलाईपीड़ी गांव में फैली डायरिया बीमारी से पीड़ित लोगों को सोनाहातू सीएचसी लाया गया स्थिति में सुधार नही होने की स्थिति में नारायण महतो, पंचमी, देवी, उपेंद्र महतो, गोविंद महतो, खगेंद्र महतो को सोनाहातू सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा ने कहा की सुरक्षा की लिहाज से बेहतर देखभाल और इलाज के लिया 5 लोगो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति नियंत्रण में है।**

## जंगली हाथियों ने कुल्डा गांव में मचाया उत्पात, घर तोड़ा, बाल-बाल बची महिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के कुलडा गांव में शनिवार की देर रात चार जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात चार जंगली हाथी कुल्डा गांव में पहुंच गये। हाथियों ने गांव की बुधनी देवी के घर को ध्वस्त कर दिया। हाथियों ने उसके घर की दीवार को तोड़ दिया तथा घर में रखे आटा, चावल आदि खाद्यान्न को खा गये। घर में सो रही महिला बुधनी और उसकी बीमार बेटी रेणु कुमारी बाल-बाल बची। दोनों ने किसी तरह घर से बाहर भागकर जान बचायी। बाद में ग्रामीणों ने एकजुट होकर हाथियों को खदेड़ा। हाथियों को भगाने के लिए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर का उपयोग किया। ट्रैक्टर स्टार्ट कर हाथी को भगाया गया।

सूचना पाकर अम्मा पंचायत के मुखिया मंजीत तोपनो, तुरतन तोपनो आदि वहां पहुंचे तथा क्षति का जायजा लिया। उन्होंने रेंजर से बात कर पीड़ित महिला को मुआवजा देने की मांग की।

## संत मोनिका का पर्व दिवस मनाया गया



बुंडू (आजाद सिपाही)। रविवार को काथलिक आश्रम बुंडू चर्च में संत मोनिका का पर्व दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पवित्र खीस्तयाग चढ़ाया गया। इस समारोह में संत मोनिका की जीवनी पढ़ कर सुनाया गया। पल्ली पुरोहित फादर रंजीत लकड़ा ने कहा काथलिक कलीसिया में माताओं की अहम भूमिका होती है, प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां से जुड़ा रहता है इसलिए हमें अपनी माताओं का आदर और सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद कराए गये। जिसमें पुरोहित गण, जोन टूटी, सुरेश सांडिल, ससुबोध, सर ब्लासियुस, प्रिया, अनिमा, विमल, उषा सुदीप शांडिल फादर अनूप, फादर रंजीत टोप्पो अतिथिगण मौजूद थे।

## जयराम महतो और देवेंद्र नाथ महतो ने बिरसा भगवान के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



बुंडू/अड़की (आजाद सिपाही)। भगवान विरसा मुंडा के जन्मस्थली अड़की के उलीहातु से शुरू झारखंड निर्वाण यात्रा जेबीकेएसएस ने शुरू किया। प्रमुख जयराम महतो और देवेंद्र नाथ महतो और महिला मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा बुंडू के गोसाईडीह मोड़ से राधारानी मंदिर नवरात्री टोली में भगतसिंह राजगुरु एवं सुखदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सुभाष चौक में सुभाष चंद्र बोस कि प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए बुंडू धुर्वा मोड़ के बिरसा भगवान के प्रतिमा मे माल्यार्पण किया। इसके उपरांत मौसी बाड़ी मंदिर परिसर स्थित पीपल पेड़ के निकट नुकड़ सभा का कार्यक्रम किया गया।

## शिक्षक दिवस पर ट्रस्ट करेगा सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को सम्मानित



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को हयुमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता देवेंद्र राम और संचालन जाहिद अली ने किया। बैठक में ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही बेरोजगारी व नशाखोरी जैसी गंभीर समस्या को दूर करने के लिए ट्रस्ट के द्वारा सकारात्मक पहल करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से वंचित लोगों की मदद कर योजना का लाभ दिलाने,बीमार एवं लाचार लोगों की मदद करने सहित अन्य बातों पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली ने कहा कि पिछले कई वर्षों से ट्रस्ट के द्वारा कई सामाजिक एवं जन कल्याणकारी कार्य के लिए लोगो को सहयोग किया जा रहे हैं,जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। ट्रस्ट के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित गांव का दौरा कर सर्वे भी किया गया,जिसमें गंभीर रूप से बीमार लोगों को इलाज में मदद करने के लिए सहयोग व सरकारी सहायाता प्रदान की गयी। बैठक में मुख्य रूप से देवेंद्र राम,जाहिद अली, मोहम्मद वसीम,अजीत राम, दिनेश राम, अब्दुल मजीद, शिव शंकर गंझु, अमित राम और ग्रामीण मौजूद थे।

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव में शामिल हुए रोशन लाल चौधरी



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बिशुझापा कॉलोनी में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसु पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी सह पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी शामिल हुए। आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया,साथ ही शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में धार्मिक भावना बढ़ती है। आज भी समाज के युवा वर्ग इस तरह के आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। उन्होंने इस तरह का आयोजन आगे भी जारी रखने की अपील की। इस अवसर पर आजसु पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह, भीम सिंह यादव,कमल सिंह, अनिल यादव, नागेश्वर राम, सुनील साव, कृष्ण प्रसाद, उमेश मेहता, शंभू गुप्ता, बिगन नोनिया, सागर कुमार,चरित्र राम, शिव राम, नागेंद्र कुमार, दयानंद कुमार, आलोक कुमार सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# पुरनाडीह परियोजना में संडे ड्यूटी को लेकर मजदूरों ने किया आंदोलन, कामकाज ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



गेट मीटिंग के दौरान मोर्चा, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि एवं परियोजना कामगार।

**खलारी।** एनके एरिया की पुरनाडीह परियोजना में सभी मजदूरों को संडे ड्यूटी दिए जाने के मुद्दे पर रविवार को परियोजना का काम बंद रहा। संडे ड्यूटी देने की मांग को लेकर पुरे परियोजना का कोयला उत्पादन और उत्प्रेशण के काम बंद रहा। परियोजना के मात्र 53 कामगारों को संडे ड्यूटी मिला था, जिसमें सिर्फ 15 कामगारों ने ही हाजरी बनाया था। वहीं बाकि कामगारों ने समान रूप से संडे ड्यूटी देने के समर्थन में गेट मीटिंग के षामिल हुए। दूसरी पाली में किसी भी कामगार ने हाजरी नही बनाई। वहीं सुबह में संडे ड्यूटी को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा एवं ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों संयुक्त रूप से सुबह में प्रथम पाली में गेट मीटिंग किया। गेट मीटिंग का संचालन राम लखन गंझू ने किया। गेट मीटिंग के दौरान मुख्य रूप से बिगन सिंह भोगता, गोल्डेन प्रसाद यादव, राम लखन गंझू, मिथलेश सिंह, नरेश गंझू, दिनेश भर, प्रमोद पाठक ,बहुरा मुंडा ने मजदूरों को संबोधित किया। वही गेट मीटिंग में प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी किया। सभी लोगों ने रविवार को प्रबंधन के द्वारा कम कामगारों को संडे ड्यूटी देने के निर्णय पर कड़ी नाराजगी प्रकट किया गया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन कामगारों के बीच फुट डालों षासन करो की नीति अपना रही है, लेकिन मजदूर प्रबंधन की इस नीति में नही फंसने वाले। मजदूर अपनी चट्टानी एकता के साथ अपनी मांग को हासिल करेंगे। वहीं कहा गया कि प्रबंधन जमीन नही होने का कारण बता कर मजदूरों के संडे डयुटी में कटौती कर रही है, लेकिन इसके लिए मजदूर कहीं से भी जिम्मेवार नही है। कहा गया कि परियोजना के कामगारों ने हर विपरित परिस्थति में प्रबंधन का साथ दिया है लेकिन आज प्रबंधन मजदूरों के हक को ही खत्म कर रहा है। प्रबंधन की गलत नीतियों के कारण आज यह समस्या उत्पन्न हुई है। वक्ताओं ने प्रबंधन को चेताया कि अगर सभी कामगारों को समान रूप से संडे डयुटी नहीं दिया गया तो रैयत विस्थापित मोर्चा, सभी ट्रेड यूनियन एवं कामगार पुरे एनके एरिया को बंद करने का काम करेगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी। इस मौके पर काफी संख्या में परियोजना के महिला पुरूश कामगार उपस्थित थे।

# कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता : बंधु

## चामा में हुआ कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता




**खलारी।** चामा पंचायत के चामा मैदान में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष अनिल उरांव ने किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से पार्टी के बूथ स्तरीय इकाइयों को मजबूत करने पर चर्चा किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पूरे देश में मजबूत हुई है। झारखंड में कांग्रेस का जनाधार बढ़ा है। कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। इसी कार्यकर्ता के मेहनत के बदौलत विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनते हैं। बंधु ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव का समय बहुत कम रह गया है। कभी भी चुनाव की घोषणा हो सकती है, इसलिए सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। कहा कि घर-घर जाकर कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतो को बताने का काम करें। बंधु ने कहा कि भाजपा सिर्फ जात पात, हिन्दू मुस्लिम की राजनीतिक कर जनता को आपस में लड़वाने का काम करती है। जबकि कांग्रेस सिर्फ विकास की बात करती है। पिछले पांच साल में झारखंड में चहुमुखी विकास हुआ है। मंइयां योजना से लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। बेघर परिवारों को अबुआ आवास के तहत घर दिया जा रहा है। सम्मेलन में अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, माना उरांव, राजेन्द्र उरांव, अली हसन, रंथू उरांव, सुनीता उरांव, परमेश्वर लोहरा, प्रेम साहू, अजीत कच्छप, देवपाल उरांव, दीपक उरांव, रामदेव भगत, कार्तिक उरांव, बंधु उरांव, रेशमी उरांव, शुशीला मिंज, दीपक मुंडा, देवमनिया उरांव, नीलमणि उरांव, अभय समाड, हना मिंज सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## बायोडाटा संग्रह अभियान को लेकर बैठक



बुंडू (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के बुंडू कार्यालय में बायोडाटा संग्रह अभियान को लेकर दिनांक 8 सितंबर को मुख्यमंत्री के पास जाने को लेकर आजसू पार्टी तमाड़ विधानसभा स्तरीय एक बैठक आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरीय आजसू नेता सिंगराय टुटी, केंद्रीय सचिव राम दुर्लभ सिंह मुंडा, आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह बुंडू जिला परिषद सदस्या परमेश्वरी सांडील्य, केंद्रीय सदस्य गुंजल ईकिर भुंडा, जिला समिति वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा, जिला सचिव भयभंजन महतो, जिला सचिव ताराचंद सिंह मुंडा बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, बुंडू नगर अध्यक्ष शुभम कुमार (गोलू) बुंडू प्रखंड महिला नेत्री राधिका देवी, बुंडू प्रखंड उपाध्यक्ष कालीपद महतो, कार्यकारी अध्यक्ष योगेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष गोवर्धन मछुवा, तमाड़ प्रभारी धनेश्वर महतो, धनु नाग, शक्तिपीठ महतो, मोहर राम महतो, वासुदेव ठाकुर, पाखु महतो, दिलीप मिर्धा सह बुद्धिजीवीय मंच, युवा मोर्चा, और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मैकलुस्कीगंज पुलिस ने कृष्णा यादव उर्फ सुलतान जी के घर पर इश्तेहार चिपकाया



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज पुलिस ने रविवार को प्राथमिकी अभियुक्त कृष्णा यादव उर्फ सुलतान जी के चान्हो थाना क्षेत्र के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। मैकलुस्कीगंज थाना कांड संख्या 21/22 09/06/2022 धारा 341/323/386/387/307/504/506/34 भा0द0वि0 और 27 आर्म्स 3 एवं 17 सीएलए एक्ट के प्राथिमिकी अभियुक्त कृष्णा यादव उर्फ.सुल्तान जी उम्र करीब 31 वर्ष, पिता- स्व० राम जी यादव, सा० - बालसोकरा करमटोली, थाना-चान्हो, ज़िला- रांची के बिरुद्ध सीआरपीसी की धारा 82 के तहत माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत इस्तेहार को कृष्णा यादव उर्फ.सुल्तान जी के चान्हो थाना क्षेत्र के घर बालसोकरा करमटोली और मदरसा चौक एवं लोहरदगा जिला स्थित कुडू थाना क्षेत्र के ग्राम धोबीटोला गुड़गुड़गढ़ा में डुगडुगी ढोलक बजाकर स्थानीय ग्रामीणों के उपस्थिति में विधिवत इस्तेहार चिपकाया गया।

## क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने में पुलिस का जनता करेगी भरपूर सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में रविवार को जनप्रतिनिधियों, समाजिक कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की एक परिचयात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नए थानेदार हीरालाल शाह ने किया। बैठक में सामुदायिक पुलिसिंग को लेकर चर्चा की गई। थानेदार ने क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता से सहयोग की अपेक्षा की। वहीं, उपस्थित सभी लोगों नें एक स्वर से थाना क्षेत्र में दिनों-दिन बढ़ रही नशाखोरी पर रोक लगाने की मांग की। कहा कि नशा से ही अपराध को बढ़ावा मिलता है। थानेदार ने विश्वास दिलाया कि वे ग्रामीणों के साथ सामंजस्य बनाकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करेंगे। बैठक में मुस्तफा अंसारी, रामकृष्ण चैधरी, जयराम महली, अजय महतो, रोशनलाल मुण्डा, रामपोदो महतो, अब्दुल इमाम अंसारी, सिकंदर अंसारी, अमानत अंसारी, सत्यदेव मुण्डा, मानेश्वर मुण्डा, बुधराम बेदिया, विरेन्द्र सिंह भोगता, विमला चैधरी, शीला देवी, रामनाथ करमाली, कृष्णा मुण्डा आदि मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने गोंदलीपोखर में निकाला मशाल जुलूस



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में अभ्यर्थियों की हुई मौत का जिम्मेवार राज्य सरकार को ठहराते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को गोंदलीपोखर में राज्य सरकार के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला व पुतला दहन किया। भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो के नेतृत्व में निकाले गए मशाल जुलूस में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। कहा गया कि बहाली के नाम पर मौत बांटा गया है। ऐसी सरकार को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। मशाल जुलूस में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, रणधीर चौधरी, सत्यदेव मुंडा, बुधराम बेदिया, सत्यजीत सिंह, अजय महतो, अगमलाल महतो, संजय नायक, संतोष महतो, जगेश्वर महतो, सोहन मुंडा, शिवलाल पाहन और सुप्रेश महतो आदि शामिल थे।

## भारत मुंडा समाज की बैठक में करम मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भारत मुंडा समाज की बैठक रविवार को डाक बंगला में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कोषाध्यक्ष राजेश पाहन ने की। बैठक में विशेष रूप से युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष रोशन लाल मुंडा एवं युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा उपस्थित हुए। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और सर्व समिति प्रस्ताव पारित कर 22 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय मैदान में करम मिलन समारोह उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। यह भी फैसला लिया गया कि भारत मुंडा समाज अनगड़ा प्रखंड के गांव-गांव में सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को एकजुट करेगा। ताकि वे अपने हक अधिकार के लिए मुखर होकर लड़ाई लड़ सकें। इस मौके पर सत्यदेव मुंडा को डीडीसीएमसी के सदस्य बनाए जाने पर भारत मुंडा समाज की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में गुड़ीडीह पंचायत के ग्राम प्रधान भीम सिंह मुंडा, बाहया के ग्राम प्रधान शिवलाल पाहन, मुखिया संघ अध्यक्ष कृष्णा मुंडा, सोहन मुंडा, रतिलाल मुंडा, विपिन मुंडा, झल्लू मुंडा, सीताराम मुंडा, बिरसा मुंडा, मकर सिंह मुंडा, संजय पाहन, अनिल कुमार मुंडा, सेवाराम पाहन, विषम साही मुंडा आदि उपस्थित थे। भारत मुंडा समाज की अगली बैठक सात सितंबर को अनगड़ा डाक बंगला में होगी।

## स्टार वारियर चरदी बना फुटबॉल चैंपियन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** सदभावना कप बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन बकुला टाड मैदान बारीडीह में किया गया। जिसका उद्घाटन राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का फाईनल मैच स्टार वरियर चरदी बनाम सुगिया एफसी रामगढ के बीच खेला गया। जिसमें स्टार वरियर चरदी ने सुगिया एफसी रामगढ को पैनल्टी सूट में हरा कर फाइनल मैच का विजेता बना। इस अवसर पर भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि सुदूर गांव में बालिकाओं को खेल के प्रति रुझान देख कर लग रहा है कि झारखंड खेल एकेडमी है। देश का भविष्य खेल में ही है। वहीं, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि झारखंड में खिलाड़ियों की कमी नहीं है, जरूरत है उनको संसाधन उपलब्ध कराकर तरासने की। मौके पर अमरनाथ चौधरी, डॉ पारसनाथ महतो, जिप सदस्य सरिता देवी, पंसस शशि मिश्रा, उपमुखिया बनवारीलाल साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, महामंत्री अलखनाथ महतो, मानकी जयनारायण सिंह, कैलाश पाहन, मानकी महेंद्र साही, मंजीता देवी आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद 15 हजार रुपये व उप विजेता टीम को ट्रॉफी और 10 हजार रुपये प्रदान किया। प्लेयर ऑफ द मैच सूगिया रामगढ के कोमल कुमारी और प्लेयर ऑफ द सीरीज दिव्यानी लिंडा को दिया गया। वहीं, आयोजन को सफल बनाने में मानकी के मुख्य संरक्षक राजेन्द्र साही, अध्यक्ष बादल पाहन, सचिव विनेश पाहन, कोषाध्यक्ष विक्की महतो, सुदेश गौरव आदि का सहयोग रहा।

## दुर्गा सोरेन की जयंती मनाने का निर्णय

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** दुर्गा सोरेन चौक पर रविवार को बैठक हुई। जिसमें दुर्गा सोरेन की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। 10 सितंबर को दुर्गा सोरेन चौक से कांटाटोली पुल तक झंडा बैनर से पूरे इलाका को भर दिया जाएगा। दुर्गा सोरेन की जयंती में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन माल्यार्पण करेंगे। इस बैठक में विलियम रिचर्ड लकड़ा आदि मौजूद थे।

# ‘मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना’ से बेड़ो की सैकड़ों महिलाएं वंचित

## आवेदन के बावजूद खाते में पैसा नहीं आने से नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रदर्शन करतीं मंइयां सम्मान योजना की राशि नहीं आने से नाराज महिलाएं.

**बेड़ो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार की ओर से चलाई जा रही ‘मंईयां सम्मान योजना’ को लेकर प्रखंड मुख्यालय सहित 17 पंचयात भवन में शिविर लगाकर आवेदन लिया गया था। जिसमें महिलाओं ने सारा काम छोड़कर लाइन में लगकर आवेदन भरा था। वे खुश थी कि अगस्त महीने से उनके खाते में 1000 रुपये आ जाएगा। लेकिन महीना खत्म होने के बावजूद उनके बैंक खाते में योजना की राशि नहीं आइ, जिसेस वे मायूस है। वहीं जिन महिलाओं के खाते में पैसा आ गया है। वे बेहद खुश हैं। जानकारी के मुताबिक करकरी पंचायत के टांगर टोली गांव की 105 महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आने से वे काफी नाराज है। ये सभी महिलाएं गांव की आंगनबाड़ी सेविका नूरजहां खातून के घर पहुंचकर नाराजगी जाहिर की। सवाल किया कि उनका पैसा क्यों नहीं आ रहा है। महिलाओं ने कहा कि उन्होंने फार्म भरकर जमा किया है, लेकिन अभी तक हमारे गांव की एक भी महिला के खाते में पैसा नहीं आया है। इस पर आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि उन्होंने सभी फार्म को लेकर प्रखंड कार्यालय में अधिकारी के पास जमा कर दिया है। फार्म ऑन लाइन हुआ है या नहीं मुझे नहीं पता है। इधर, टंगरा टोली गांव की महिलाओं ने पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि उनके मामले को संज्ञान में ले, ताकि उन्हें भी योजना का लाभ मिल सकें।

# उग्रवाद को किसी भी हाल में पनपने नहीं देंगे



### नशामुक्ति व उग्रवाद के खिलाफ हेसल के ग्रामीण हुए एकजुट

आजचाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** नशा के खिलाफ अभियान चलाने को लेकर बनी कोर कमेटी की बैठक रविवार को हेसल गांव में हुई। जिसकी अध्यक्षता ग्रामप्रधान रामनाथ करमाली ने की। बैठक में थानेदार हीरालाल शाह, समाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी, विष्णु महतो, कारीनाथ महतो, रामेश्वर महतो, इब्राहिम अंसारी, देवराज पाहन, मदरा मुण्डा, जगरनाथ महतो आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए। इसमें मुख्य रूप से नशा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को गति देने, उग्रवाद के खिलाफ एकजुटता बनाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि क्षेत्र में नशा एवं मादक पदार्थों के व्यापार के खिलाफ शुरू किए गए इस अभियान को मुकाम तक पहुंचाएगें। वहीं उग्रवाद को किसी भी हालत में क्षेत्र में पनपने नहीं देंगे। उग्रवाद पर चर्चा करते हुए कहा गया कि विगत दिनों गोंदलीपोखर में पीएलएफआई के नाम पर रांची-पुरूलिया सड़क निर्माण कार्य में लगे एक पोकलेन मशीन पर धमकी भरा पोस्टर चिपकाया गया था। इसकी कड़े शब्दों में निंदा की गई। कहा कि ऐसे तत्वों को क्षेत्र में पनपने नहीं दिया जाएगा। बैठक में सुनील महतो, बलराम मुण्डा, प्रेमसागर महतो, कृष्णा करमाली, बृजलाल महतो, अमानत अंसारी, जुगल महतो, पंकज कुमार, नाजरीन परवीन, अब्बास अंसारी, नेहा परवीन, सीमा कुमारी, अर्जुन राम, अरूण करमाली, चंदन महतो, रामवृक्ष महतो आदि मौजूद थे।

## मजदूरी के लिए बड़ौदा जा रहा मजदूर लापता



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत के डीमरा गांव निवासी मजदूर सोहरलाल बेदियाअपने दमाद प्रेम बेदिया के साथ दैनिक मजदूरी करने गुजरात के बड़ौदा जाने के लिए अहमदाबाद एक्स्प्रेस में चक्रधरपुर से सवार होकर निकला था। लेकिन गाड़ी जब अपने गंतव्य तक पहुचीं तो सोहरलाल बेदिया वहां नहीं मिला। आशंका जताई जा रही है कि वह कहीं पहले ही उतर गया होगा। इसको लेकर सिकिदिरी थाने में उसकी पत्नी जतरी देवी ने अपने पति के लापता होने की लिखित आवेदन दे कर पुलिस से तलाश करने की गुहार लगाई है।

## भगवान श्री कृष्ण की मनायी गयी छठी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मानव सेवा आश्रम की ओर से भगवान श्रीकृष्ण की छठी मनायी गयी। इस अवसर पर संयोजक नरेश यादव, अध्यक्ष महेंद्र गोप, उपाध्यक्ष विष्णु मुंडा, सचिव सन्नी सिंह, कोषाध्यक्ष दशरथ महतो, उप कोषाध्यक्ष भीम महतो नारायण महतो, रविन्द्र महतो, कामेश्वर महतो, रामानंद महतो आदि की मदद से प्रसाद वितरण किया गया।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वार्ड 47 की पार्षद कविता सांगा के आवास पर रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के सैकड़ों मरीजों ने आंख से संबंधित बीमारी जैसे आंख लाल होना, आंख से पानी गिरना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद आदि की जांच करवायी। इस दौरान 100 लोगों को आयुष्मान कार्ड के तहत ऑपरेशन करने को लेकर सलाह भी दी गई। शिविर का आयोजन डॉ उत्कला चक्रवर्ती सेम्फोर्ड अस्पताल कोकर की ओर से किया गया था। मौके पर पूर्व पार्षद किरण सांगा, बादल सांगा, सुनील मुंडा, आकाश सांगा, अजीत सांगा, शिवानी सांगा, शैल सांगा, बसंत सांगा, आशा, दीपक, सोनाली, अणु आदि मौजूद थे।

## सुरेंद्र सिंह सिंधी बने श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति चुट्टूपालु के मुख्य संरक्षक

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को सत्य नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन अशोक कुमार गुप्ता ने किया। दुर्गा पूजा समिति को यथावत रखते हुए मुख्य संरक्षक सुरेंद्र सिंह सिंधी को चुना गया। जबकि अध्यक्ष महेश करमाली, सचिव विवेक सिंह, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष राजू कुमार सिंह, संरक्षक संजय सिंह को चुना गया है। इस मौके पर विनोद गुप्ता, धनंजय सिंह, हरे राम शर्मा, हरे कृष्णा शर्मा, बबलू करमाली एवं पुजारी शिवकुमार मिश्र एवं विजय कुमार मिश्रा, रोशन अग्रवाल (मोनू), राजकुमार ठाकुर, अमित सिंह, अनुज शर्मा, वासुदेव ठाकुर, अजित मिश्रा, पवन कुशवाहा, राम बेदिया, प्यारे लाल महतो, मुकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## बच्चों के बीच कॉपी-पेंसिल का वितरण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की एक संकल्प समाजिक संस्था की ओर से रविवार को चेटे पंचायत के हल्हू गांव में छोटे-छोटे बच्चों के बिच कापी, पेंसील, रबर और चाकलेट का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि हमारे बच्चे देश के भविष्य हैं। देश का कल हैं। हमारा लक्ष्य देश के भविष्य और देश के कल को बेहतर बनाना है और इसके लिये एक संकल्प समाजिक संस्था नगड़ी प्रतिबद्ध है। मौके पर संजीव कुमार, रोहीत उरांव, शिव गोप, राहुल उरांव, विजय गोप , रितेश केशरी , संदीप गोप विजय केरकेट्टा, संदिप सिंह आदि मौजूद थे।

## पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

# खेल प्रेमी हैं मांडर के लोगः डीएसपी

### तिगरा परिवार एफसी ने जीता उद्घाटन मैच

आजाद सिपाही संवाददाता



मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में खिलाड़ियों से परिचय करते मुख्य अतिथि आरक्षी उपाधीक्षक खलारी, मांडर थाना प्रभारी राहुल व अन्य।

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में रविवार को शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2024 का उद्घाटन खलारी के आरक्षी उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी, मांडर थाना प्रभारी राहुल, शिक्षक सुदीप कुमार, बंझिल मुखिया सोहंती एक्का, मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का आदि ने ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। इस अवसर पर डीएसपी ने खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का हौसला बढ़ाया। कहा कि यहां के लोग खेल प्रेमी हैं और खेल का आनंद पूरे अनुशासन में रहकर उठाते हैं। उन्होंने आयोजकों द्वारा इस शानदार प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई दी। उधर, ग्रुप ए का पहला मैच तिगरा परिवार एफसी ने युवा विकास क्लब बुढ़ाखुखरा को 1-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं एलेवन स्टार क्लब सतकन्दु ने शो रूम मांडर के 2-0, रेड जोन मांडर ने जेजेसी चुट्टू को 1-0, सरना नवयुवक संघ प्रयागो ने केएफसी करगे को 3-0 पराजित कर अगले राउंड में अपनी जगह बनाई। दूसरे राउंड, में तिगरा परिवार एफसी ने एलेवन स्टार क्लब सतकन्दु को 3-0 और रेड जोन ने सरना नवयुवक संघ प्रयागो को 2-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। रविवार को अंतिम मैच और टूर्नामेंट का पहला क्वाटर फाइल मैच तिगरा परिवार एफसी और रेड जोन मांडर के बीच खेला गया। इसमें ट्राइब्रेकर में तिगरा ने रेड जोन को 5-3 गोल से परजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मों शकिब (छोटू), खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, मो रकीब, तारिक अंसारी, मो अबदुल, विनोद खलखो, मो रशीद, लखो उरांव, इरफान आदि उपस्थित थे।

## 8 से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नामकुम (आजाद सिपाही)। नया भुसूर स्पोटिंग क्लब की बैठक रविवार को नया भुसूर स्कूल खेल मैदान में हुई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान राजेश टोप्पो ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता 8 सितंबर से नया भुसूर स्कूल मैदान में खेला जाएगा। यह प्रतियोगिता का पांचवा सीजन है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसके लिए बालक वर्ग को 23 हजार 500 व बालिका वर्ग को 4 हजार प्रवेश शुल्क देने होंगे। बालक वर्ग में विजेता टीम को 2 लाख 21 हजार, उपविजेता को 1 लाख 71 हजार एवं तृतीय और चतुर्थ स्थान पर आने वाली टीम को क्रमशः 25 हजार व बालिका वर्ग में विजेता को 35 हजार एवं उपविजेता को 25 हजार नगद देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में लालखटंगा मुखिया पुष्पा तिर्की, पूर्व मुखिया रितेश उरांव, राजेश टोप्पो, रुही टोप्पो आदि मौजूद थे।**

## कार्यकर्ताओं के बल पर झारखंड में फिर से बनेगी भाजपा सरकारः संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** रांची ग्रामीण भाजपा की बैठक रविवार को कांके स्थित रांची हवेली बैंक्वेट हॉल में हुई। जिसमें रांची ग्रामीण के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के प्रवासी प्रभारी, स्थानीय प्रभारी, 31 मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मण्डल प्रभारी आदि शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने बूथ स्तर तक की संगठन संरचना बनाने और राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने पर बल दिया। वहीं, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि कार्यकर्ताओं के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। राज्य में वर्तमान भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का उन्होंने संकल्प दिलवाया। जबकि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने कहा कि बूथ अध्यक्ष हमारे नायक हैं। कहा कि सांसद और भारत सरकार में राज्य रक्षा मंत्री भी हमें बूथ अध्यक्षगण और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से बने हैं। राज्य में भी भाजपा की सरकार कार्यकर्ताओं के परिश्रम और संघर्ष से निश्चित रूप से बनेगी। बैठक में क्लस्टर प्रमुख एवं प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज महतो, आरती कुजूर, पूर्व विधायक राम कुमार पहान, सुरेंद्र महतो, जैलेंद्र महतो आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनिल टाइगर व नरेंद्र कुमार ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती व आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई।

## अशोक गोप बने कांके श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, पंकज मुख्य संरक्षक



अध्यक्ष अशोक गोप



मुख्य संरक्षक पंकज सिंह

**कांके (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति कांके की बैठक रविवार को शिव मंदिर परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता संस्थापक मदन कुमार महतो ने की। बैठक में सर्वसम्मति से अशोक गोप को अध्यक्ष, मुख्य संरक्षक पंकज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद साहू बनाये गये। वहीं, संरक्षक-महेश कुमार मनीष, मिथिलेश तिवारी, उनिल महतो, रघुनाथ मुंडा, सुखलाल चौधरी, सुरेश कुमार बैठा, चंदन बैठा, अर्जुन मुंडा, जीतू महतो, अनिल गुप्ता, विनोद गुप्ता, गणेश महतो, शिवधन मुंडा, पंकज वर्मा, मुख्य संयोजक अशोक महतो, गौरीशंकर महतो, संयोजक आसाराम महतो, अनिल महतो, बिहारी यादव, उपाध्यक्ष सीताराम मुण्डा, रमेश महतो, राजेश लिंडा, कोषाध्यक्ष शालीग्राम महतो, सचिव सूरज महतो, सह सचिव नसीबलाल महतो, राधा नायक, महासचिव योगेन्द्र महतो, विवेक साहू, जलेश्वर महतो, राजेश गोप, फागु मुंडा, सूरज लिण्डा, प्रचार मंत्री शिवचरण, संजय महतो, हीरा लोहरा, मीडिया प्रभारी सुनील गुप्ता व रिंकू, पूजा प्रभारी राजेंद्र पाण्डेय, पंडाल प्रभारी राजकुमार महतो, तरूण वर्मा आदि बनाये गये हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्ष 2024 में दुर्गा पूजा को भव्य और हर्षोल्लासपूर्वक पूर्वक मनाया जाएगा। पूजा विधि विधान पूर्वक और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

## स्वर्ण डीपीएस स्कूल के छात्रों ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में रौशन किया रांची का नाम



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** स्वर्ण डीपीएस स्कूल के बच्चों ने रांची के होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के टाना भगत स्टेडियम में रविवार को आयोजित कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने प्रखंड व जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने अपनी शानदार प्रतिभा व बुलंद हौसले का परिचय देते हुए कई पुरस्कार जीते। प्रधानाध्यापक दीपम बनर्जी ने विभिन्न जगहों से आए बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि आगामी स्टेट चैंपियनशिप में जिन बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है इनमें से पांच छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर खेली जाने वाली प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर मिलेगा। वहीं, प्रधानाध्यापक दीपम बनर्जी को इस टूर्नामेंट में बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उनके प्रशिक्षक राज कूपर के साथ दो ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं, बच्चों के बीच इवेंट में फाइट टेक्नीक के दो राउंड हुए जिसमें बच्चों ने रजत व कांस्य पदक के साथ प्रमाण पत्र जीते। छात्रों की इस सफलता के पीछे उनके मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राज कूपर की कड़ी मेहनत व लगन ने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहां 9 से 12 साल के बच्चों में विशाल कुमार ने रजत व कांस्य पदक जीता। जबकि अनूप उरांव ने कांस्य पदक जीता। सीनियर में 13 से 15 साल के बच्चों में पवन उरांव को रजत, मानसी कुमारी व विशाल लोहरा को कांस्य पदक मिला। वहीं स्वर्ण डीपीएस स्कूल की इस उपलब्धि पर प्राचार्य दीपम बनर्जी ने बच्चों के प्रशिक्षक राज कूपर को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद किया।

## हुरहुरी में सादगी से मना चेहल्लुम



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हुरहुरी नयाटोली में चेहल्लुम पर इमाम हजरत हुसैन बड़े ही श्रद्धा से याद किये गये। नौजवान मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष तनवीर हसन की अगुआई में अखाड़ेधारियों ने जुलूस निकाला। इसमें सभी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। मेले में उत्साही युवकों ने अस्त्र-शस्त्र चालन के करतब दिखा दर्शकों का मनमोह लिया। जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष इमरान खान, समाजसेवी सतीश साहू, ऐनुल अंसारी, सदर रज्जब अली, मो कलाम, मो हकीम, जाबिर अंसारी, आशिक अंसारी, मोबिन अंसारी व दीपक कुमार आदि बतौर अतिथि खिलाड़ियों को पुरस्कृत किये। वहीं, सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। संचालन सिद्दीक अंसारी ने किया। इस मौके पर मो कलाम, अताउल्लाह अंसारी, शहबान अंसारी, सुहैल अंसारी, इरशाद आलम, अबुतल्लाह अंसारी, जमील अंसारी, इमरोज अंसारी, समुद अंसारी, आफताब आलम, मसरूर फैजी, शहबाज आलम, इकरामुल अंसारी, रियाजुल अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी, अब्दुल हकीम आदि मौजूद थे।

